पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

शुद्धि–पत्र

अन्तर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता–2023 (Inter College Cultural competition-2023) हेतु प्रतिभागी महाविद्यालय के लिए आवश्यक निर्देश।

1. महाविद्यालयों को सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं की अलग अलग टीम का चयन करके भेजना होगा। किसी भी परिस्थिति में छात्र–छात्राओं का एक मिश्रित ग्रुप नही होगा।
2. सांस्कृतिक प्रतियोगिता तीन कोटि में होगी, यथा– Song, Dance & Instrument
3. प्रत्येक कोटि में अलग–अलग खण्ड होगा।

(क) **संगीत (song) के लिए** :– (i) शास्त्रीय गायन (एकल)

(ii) सुगम संगीत – गीत, गजल, भजन आदि (एकल)

(iii) लोक संगीत (एकल)।

गायन के उपरोक्त तीनों खण्डों में भाग लेने के लिए प्रत्येक महाविद्यालय को तीन–तीन प्रतिभागी का चयन करके भेजना है। उपरोक्त प्रत्येक उपखण्ड के गायन के लिए (5+1) मिनट का समय निर्धारित होगा।

(iv) लोक गीत (समूह) में मात्र एक टीम प्रत्येक महाविद्यालय से होगी इसके लिए प्रत्येक प्रतिभागी टीम को अपना गायन प्रदर्शन करने के लिए 7 से 8 मिनट का समय दिया जायेगा।

(ख) **नृत्य (Dance) के लिए** – नृत्य प्रतियोगिता शास्त्रीय नृत्य (Classical dance) दो खण्ड में होगा।

(i) शास्त्रीय नृत्य (Classical dance) का एकल प्रतियोगिता होगी जिसमें कथक, भारत नाट्यम एवं शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुती 10–11 मिनट में करना होगा। इसके लिए भी प्रत्येक महाविद्यालय के तीन–तीन प्रतियोगी शामिल होंगे।

(ii) समूह नृत्य (Group dance) में मात्र एक टीम प्रत्येक महाविद्यालय से होगी इसके लिए प्रत्येक प्रतिभागी टीम को अपना समूह नृत्य प्रदर्शन करने के लिए 10–11 मिनट का समय निर्धारित रहेगा।

06/02/2023

(ग) **वाद्य–यंत्र (Instrument) प्रतियोगिता** – इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय टीम के रूप में तीन–तीन प्रतिभागियों का चयन करके भेजेगें प्रतियोगिता में निम्ननांकित वाद्य–यंत्रों में से कोई एक या तीन वाद्य–यंत्रों में उक्त महाविद्यालय की टीम शामिल होगी – 1. तबला, 2. गिटार, 3. बाँसुरी 4. सितार वाईलन आदि। इस वाद–यंत्र प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी में प्रतिभागी को 5–6 मिनट का समय निर्धारित रहेंगा।

4. प्रत्येक महाविद्यालय को सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक समूह के लिए 2000 / – रू0 (दो हजार) प्रवेश शुल्क (Entry fee) देय होगा जिसे बैंक ड्रफट के द्वारा कार्यक्रम को आयोजित करने वाले महाविद्यालय में जमा करना होगा।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता – 2023 में भाग लेने वाले सभी महाविद्यालयों को अपना प्रवेश पंजीकरण प्रतिभागियों की सूची के साथ दिनांक 20.02.2023 करा लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रस्तावित सांस्कृतिक प्रतियोगिता – 2023 का विस्तृत कार्यक्रम का प्रारूप इसके साथ संलग्न है।

06/02/2023